वर्ष : 2004, अंक : 4

काशी जेसीज़

*3.1

अवसर

अध्याय [illegible]

जनसम्पर्क सप्ताह

उत्कर्ष - २००४

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

काशी जेसीज़-2004

सचिवालयः
सोनी ग्राफिक्स
प्रथम तल, सी 26/1
कबीर कीर्ति मन्दिर कबीर रोड,
वाराणसी - 221001 फोन : 3093207 (रिला.)
मोबाइल - 9839056076 (मोबाइल)

अध्यक्ष
जेसी राजेश सोनी
सचिव
जेसी मनोज गुप्ता
उपाध्यक्ष प्रबन्ध क्षेत्र
जेसी मनीष अग्रवाल
अवसर समिति अध्यक्ष
जेसी जैनेन्द्र सिंह नाहर
संपादिका
जेसीरेट सुनीता अग्रवाल
सह-संपादक
जेसी अंकुर अग्रवाल
सलाहकार
जेसी अनिल जाजोदिया
जेसी पराग मोदी
जेसीरेट रश्मि अग्रवाल

अनुक्रम

आपकी कलम से

लेख

संस्मरण

समाचार

बधाईयाँ

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

INDIAN JAYCEES

A Global Young People's Organisation Providing Individual Development Opportunities To Be Better Citizens

JCI Anil Kumar Jajodia
National Porgramme Co-ordinator - Leadership 21st Century
(Year 2003)

प्रिय संपादिका जेसीरेट सुनीता जी,

अत्यन्त हर्ष का विषय है कि काशी जेसीज द्वारा 15 अगस्त 2004 को अध्याय पत्रिका अवसर का नवीन अंक प्रकाशित किया जा रहा है। अवसर सदैव से ही एक पथ प्रदर्शक पत्रिका रही है और अनेक वर्षों से राज्य एवं मण्डल स्तरीय पुरस्कार जीतकर इस पत्रिका ने कीर्तिमान स्थापित किये हैं।

संगठनों, पत्रिकाओं व स्मारिका का मुख्य उद्देश्य जहाँ एक ओर सेवा कार्यक्रमों को बढ़ावा देना है वहीं साथ साथ में सदस्यों के बीच आपसी साहचर्य को प्रोत्साहित भी करना है।

पत्रिका के आलेख निःसन्देह काशी जेसीज के युवा साथियों के बीच बेहतर सद्भावना, सहयोग व सफलताओं की दिशा में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे क्योंकि आजके इस प्रतिस्पर्धी युग में निःसंदेह एक दूसरे का हाथ थाम कर हम सब लोग अपने प्रगति के पथ को आसान बना सकते हैं।

काशी जेसीज के अनेक कार्यक्रमों ने सदैव ही समाज के जनमानस पर अपनी विशिष्ट छाप छोड़ी है। सेवा व व्यक्तित्व विकास के कई अनुठे आयोजनों की यह संस्था प्रवंर्तक रही है।

इस क्षेत्र की महत्वपूर्ण शाखा होने के कारण हम सबका दायित्व भी उतना महत्वपूर्ण हो जाता है। आइये । हमसब मिलकर संगठन के उद्देश्यों व कार्यों को बल एवं गति प्रदान करें और इसी प्रकार रचनात्मक प्रयासों में संलग्न रहें।

अध्यक्ष जेसी राजेश सोनी के कुशल नेतृत्व व सचिव जेसी मनोज गुप्ता के सक्षम प्रशासन के विश्वास के साथ पदाधिकारियों व पत्रिका प्रकाशन समिति एवं सम्पादक मण्डल को मेरी समस्त शुभेच्छाएँ।

सद् भावना व शुभकामनाओं सहित
साभार आपका

● जेसी अनिल कुमार जाजोदिया
मण्डलाध्यक्ष 1998 एवं पूर्वाध्यक्ष 1994

आपके पत्र . . .

प्रिय जेसी मित्रों,
सप्रेम नमस्कार।

मैं 1987 में जेसी परिवार से जुड़ा था। शुरू के कुछ वर्षों यूँ कह लीजिए वर्ष 94 तक मैं बिलकुल ही एक निष्क्रिय सदस्य के तरह रहा। मैं समझता था यह क्लब वगैरह केवल फालतू लोगों के लिए मौज मस्ती या समय बर्बाद करने का एक साधन मात्र है परन्तु वर्ष 94 में संचालक मण्डल का सदस्य बनने के बाद तथा वर्ष 96 में कोषाध्यक्ष बनने के बाद सक्रियता बढ़ी और जेसी के गुणों का पता लगने लगा तथा आनन्द भी आने लगा। व्यक्तित्व विकास पाठ्यक्रमों में बराबर हिस्सा लेता रहा जिससे की आत्मविश्वास बढ़ा तथा नेतृत्व कला का ज्ञान मिला। सोच में वह बदलाव आने लगा जो कि किसी स्कूल या कॉलेज में कभी नहीं हुआ। किस तरह के लोगों या सदस्यों के बीच अपनी पहचान बनाई जाय। सबसे मेलजोल या आपसी साहचर्य कैसे बनाए वगैरह लोक व्यवहार का ज्ञान भी बढ़ा। इसके अलावा तमाम विषयों के ज्ञान का लाभ मिला और इतना फायदा हुआ कि आज हम गर्व से कहते हैं कि "आज हम जहाँ हैं तो सिर्फ जेसी की वजह से हैं।"

अतः प्रिय मित्रों, आप सभी को यही संदेश देना चाहूँगा कि जेसी के पाठ्यक्रम का पूरी तरह अध्ययन करें, इसकी सभी ट्रेनिंग कार्यक्रमों या कार्यशाला में बढ़चढ़ के हिस्सा लें तथा सभी जेसी कार्यक्रमों के भागीदार बनें जिससे कि जो आप सीखें उसे अमल में लाना भी आपको आए।

जेसी में दिया गया समय आपके भविष्य में तो परिवर्तन ला सकता है जिसकी कभी आपने कल्पना भी नहीं किया होगा, यह सिर्फ आपको सफल व वरिष्ठ जेसी साथी ही बता सकते हैं कि उस ऊँचाईयों तक पहुँच गए हैं। मेरा आप सभी को सही सलाह है कि अपने उम्र 40 तक जितना आप जेसी से ज्ञान का भण्डार भर सकते हैं भर लें क्योंकि जेसी उसके बाद आपको रिटायर कर देता है।

शुभकामनाओं सहित

आपका
● राजकुमार अग्रवाल
पूर्वाध्यक्ष 1999

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सम्पादकीय

प्रिय जेसी भाइयों, जेसीरेट भाभियों एवं जेसीलेट बच्चों,

जेसी अभिवादन।

सर्वप्रथम मैं आप सभी के प्रति अपना आभार व्यक्त करना चाहूँगी कि अवसर के पिछले अंकों को आपने अपनी प्रशंसा का पात्र बनाया आपके उत्साहवर्धन से अभिभूत हो अवसर का चतुर्थ और अंतिम अंक आपके समक्ष प्रस्तुत कर रही हूँ। यह वर्ष भी समापन की ओर अग्रसर है, अवसर पत्रिका के सम्पादन में ये वर्ष कैसे बीत गया पता ही नहीं चला।

समय बहुत ही अमूल्य है किसी ने ठीक ही कहा है कि समय की जरूरत को महसूस कर समय के साथ कार्य करते चले जाना, भगवान की इच्छा पूरी करने के समान है।

हमारा प्रयास होना चाहिए कि जितना सम्भव हो सके अपने सभी साधनों के माध्यम से एवं सभी जगह और हर समय अधिक से अधिक लोगों की भलाई करनी चाहिए।

अवसर का सम्पादन एक बहुत ही कठिन कार्य है यदि मुझे अध्याय अध्यक्ष जेसी राजेश सोनी, जेसी मनीष अग्रवाल एवं कम्प्यूटर ग्राफिक डिजाइनर रीतेश कुमार शर्मा तथा समस्त अवसर समिति का सहयोग न मिला होता तो मैं इस दायित्व को कभी पूरा नहीं कर पाती, मैनें इस दायित्व को पूरा करने में अपनी हर संभव कोशिश की है कि कहीं कोई कमी न रह जाए, फिर भी किसी कारणवश या भूल वश किसी के मान सम्मान में हमसे कोई गलती हो गई हो तो मैं क्षमा माँगती हूँ।

आप सभी के उज्जवल भविष्य की कामना ईश्वंर से करते हुए।

जय हिन्द . जय जेसी

सम्पादिका

अध्यक्षीय उद्गार

प्रिय जेसी बन्धुओ एवं जेसीरेट भाभियों,

जेसी अभिवादन।

सत्र २००४ में एवार्ड ईयर समाप्त हो चुका है, पूरे वर्ष के दौरान आप सभी द्वारा मिले सहयोग एवं समर्पण के प्रति नतमस्तक हूँ। बड़े ही उत्साह के साथ सफलता पूर्वक जनसम्पर्क जेसी सप्ताह उत्कर्ष २००४ आयोजित किया गया। हर्ष का विषय है कि इस वर्ष जेसीरेट शाखा एवं साथ ही डब्लू.एच.स्मिथ. जूनियर जेसी शाखा ने स्वतंत्र रूप से साप्ताहिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस सप्ताह को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य जेसी, जेसीरेट एवं जूनियर जेसी सदस्यो का जन -जन के बीच जाकर 'जेसी वे ऑफ वर्किंग' के माध्यम से विभिन्न समाजोपयोगी जेसीज के कार्यों एवं गतिविधियों को प्रत्यक्ष रूप से समाज के सम्मुख रखना एवं अपने कार्यक्रमों के माध्यम से जन-जन की सहभागिता एवं सक्रियता को सुनिश्चित कराना है। जेसी रोहित कपूर, जेसी पवन सिंह सरीन, जेसीरेट वन्दना खत्री, जेसी महिमा शैलेष, जेजे रीतिका चटर्जी सहित चेयरपरसन जेसीरेट सुरभि रस्तोगी एवं जेजे चेयरपरसन जेजे ऋचा केशरी सभी को बहुत सारी बधाईयाँ एवं उज्जवल भविष्य हेतु बहुत सी शुभकामनाएँ।

मित्रों हर सफल व्यक्ति जीवन में कहीं न कहीं से असफलता को प्रत्यक्ष रुप से देख चुका होता है, और वास्तव में असफलताओं की समीक्षा करते हुए भविष्य में सुधार की सम्भावनाएँ ही हमें सफलता की राह दिखाती हैं, लेकिन मात्र सफलता पाना ही सब कुछ नहीं है, किसी भी तरह से प्राप्त इस सफलता को स्थायी रूप प्रदान करना अवश्यंभी है। अपने आपको शीर्ष पर स्थापित करने के बाद स्थायित्व पाने का प्रयास करना और पा लेना ही श्रेष्ठता का वास्तविक प्रतीक है। अध्याय गतिविधियों का आईना 'अवसर' निश्चित रूप से सम्पादिका जेसीरेट सुनीता अग्रवाल के सुन्दर एवं सार्थक प्रयासों का फल रहा। चारों अंक समय से प्रस्तुत करने हेतु सम्पादिका एवं सम्पादक मण्डल के समस्त सहयोगियों के प्रति हार्दिक नमन एवं आभार।

शुभेच्छाओं सहित

आपका

अध्याय के गौरव

अध्याय पूर्वाध्यक्ष जेसी अनिल जाजोदिया को अवन्तिका द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित होने पर हार्दिक बधाईयाँ।

अध्याय के गौरव

अध्याय के उपाध्यक्ष व्यक्तित्व विकास, जेसी विकास भार्गव को ZTWS प्रशिक्षण कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागी घोषित किये जाने पर हार्दिक बधाईयाँ।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

Avsar News

IJC NEWS

49TH NATIONAL CONVENTION:
The 49th National Convention will be held from 4th to 7th Nov. 2004 at Ludhiana

NATIONAL LEVEL TALENT SEARCH EXAMINATION:
IJC will organise a Natioanl level talent search examination for the students of XI & XII standard. The test will be on 14th Auguest 2004 all over the countrry in Hindi & English. Winner will be given scholarship.

JCI-NEWS

JCI UN SUMMIT: Our Natioanl president JFP Rajesh Chandak and JCI VP JFPV Harish Kumar have attended the JCI UN summit which was held at New York from 8th-11th July'o4
Our National President JFP Rajesh Chandak has appointed as one of the six members committee "On evaluation and follow up committee".
WORLD CONGRESS: The 59th world congress will be held at Fukuoka, Japan from November 20th to 26th 2004.

ZTWS - An Immemorable Journey

Zone Trainers Workshop अर्थात ट्रेनर बनने की राह में पहला कदम। मित्रों, विगत दो वर्षों से इस कार्यक्रम में प्रतिभागन का मेरा स्वप्न था। अपने अग्रजों से आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त करके मैं 23 जुलाई को दोपहर 12.30 बजे गोरखपुर के अत्यन्त ही खूबसूरत गोकुल अतिथि गृह में पहुँचा।

वहाँ विभिन्न मण्डलों के अनेक अध्यायों से आए हुए प्रतिभागियों से परिचय हुआ। कुछ पुराने मित्र थे जिससे मित्रता प्रगाढ़ हुई एवं अनेक नये मित्र बने। तत्पश्चात प्रारंभ हुआ इंटरव्यू का दौर। अमरावती से पधारे जेसी दिलीप कौसकियां जो हमारे मुख्य प्रशिक्षक थे के साथ हमारा पहला साक्षात्कार था उनके साथ सह प्रशिक्षक थे लखीमपुरखीरी के जेसी राममोहन गुप्ता एवं गोरखपुर के जेसी अजय सिंह इण्टरव्यू में फेकल्टिज के अतिरिक्त मण्डलाध्यक्ष जेसी आलोक अग्रवाल, निवर्तमान मण्डलाध्यक्ष जेसी अनिल कक्कड़ एवं मण्डल उपाध्यक्ष जेसी मनोज अग्रवाल भी उपस्थित थे। ऐसे भारीभरकम पैनल के समक्ष इण्टरव्यू का मेरा पहला अनुभव था। अत्यंत ही तनाव भरे माहौल में यह काम सम्पन्न हुआ। मुख्य प्रशिक्षक महोदय से मिलकर यह स्पष्ट हो गया था कि आगामी दो दिन बहुत ही रोचक होने वाले थे।

इसके पश्चात उद्घाटन समारोह सम्पन्न हुआ। इसके मुख्य अतिथि PEVP जेसी अनूप अग्रवाल थे इन सब औपचारिक कार्यक्रमों के बाद प्रारंभ हुआ ट्रेनिंग सेशन Pilot & Co - fauclties द्वारा अत्यन्त ही रोचक एवं ज्ञानवर्द्धक Session लिये गये ट्रेनिंग के दौरान अनेक मनोरंजक गेम्स भी कराये गये और सभी प्रशिक्षुओं का प्रतिभागन सुनिश्चित किया गया।

24 जुलाई को आतिथ्य अध्याय गोरखपुर जेसी परिवार द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें जेसीरेट एवं बच्चों द्वारा नृत्य एवं संगीत प्रस्तुत किया गया। विशेषतः जेसीरेट द्वारा सम्पन्न कंजरी कार्यक्रम अत्यन्त सराहनीय था। सभी प्रतिभागियों द्वारा भी कार्यक्रम किये गये। जिनकी बहुत सराहना हुई।

अगली सुबह बहुत तनाव भरी रही क्योंकि आज दिन था फाइनल प्रेजेन्टेशन का जिसकी तैयारी रातभर जागकर की गई थी। सारे दिन प्रेजेन्टेशन एवं पुर्नमूल्यांकन के पश्चात शाम को Closing Ceremony सम्पन्न हुई फिर बारी आई उस क्षण की जिसकी प्रतिक्षा हर प्रतिभागी करता है। जब पायलट फैकल्टी ने घोषणा की "ZTWS के सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागी काशी जेसीज के जेसी डा. विकास भार्गव" तब मेरी खुशी को ठिकाना ना रहा और मुझे गर्व महसूस हुआ कि मेरा प्रदर्शन अपने अध्याय की गरिमा के अनुरूप रहा।

मित्रों, ZTWS का यह अनुभव अविस्मरणीय रहा। अनेक नये मित्रों के साथ तीन दिन तक एक ही कमरे में सुख दुख साथ बाँटने में जो आनन्द था उसका वर्णन नहीं किया जा सकता। तीन दिन की Traning के पश्चात आप अपने अन्दर परिवर्तन महसूस कर सकते हैं। Faculties आपके अन्दर के आत्मविश्वास को बाहर लाकर ही मानते हैं।

मैं अपने सभी जेसी साथियों से अनुरोध करता हूँ कि आप लोग भी, जेसीज़ की आत्मा, प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रतिभागन कर लाभ उठायें।

● *जेसी डा० विकास भार्गव*

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

केन्द्रीय बजट - वार्षिक सूचना विवरणी - बन्दर के हाथ में उस्तरा

गत दिनांक 8 जुलाई को संसद में प्रस्तुत केन्द्रीय बजट द्वारा आयकर अधिनियम में एक नया प्राविधान लाने की योजना है, जिसके अन्तर्गत कोई भी सरकारी विभाग अथवा अन्य प्राधिरकण जिन्हे पंजीकरण करने अथवा रिकार्ड रखने का अधिकार है तथा जो विशेष प्रकार के वित्तीय लेन-देन में सहभागिता करते हैं, प्रत्येक वर्ष आयकर विभाग को एक 'वार्षिक सूचना विवरणी ' अनिवार्य रूप से दाखिल करेंगे, जिसमें विगत वर्ष में रूपया 50000/- से अधिक राशि के समस्त पंजीकरण विवरण, रिकार्ड अथवा वित्तीय लेन-देन का जिक्र होगा ! उक्त प्राविधान दिनांक 1 अप्रैल 2004 से लागू समझा जायेगा तथा प्रथम 'वार्षिक सूचना विवरणी 'वित्तीय वर्ष 2004-05 के लिए दिनांक 31 मार्च 2005 के उपरान्त दाखिल होगा।

वार्षिक सूचना विवरणी के दायरे में सम्पतियों की खरीद-बिक्री जिनका पंजीकरण सम्बन्धित रजिस्ट्रार कार्यालय में होता है, बैंक अथवा पोस्ट-आफिस में किया गया निवेश, बैंक से दिया गया ऋण, सरकारी विभाग से प्राप्त ठीका, उन्हें प्रदान की गयी सेवा जिनका राशि रू. 50,000/- से अधिक होगा, उक्त विवरणी में शामिल होगा। आयकर विभाग द्वारा पैन कार्ड भी इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु जारी किया गया प्रतीत होता है क्योंकि उपरोक्त सभी प्रकार के लेन-देन में पैन नम्बर देना अनिवार्य है। उपरोक्त प्रस्तावित प्राविधानों के पारित होने के उपरान्त हमें स्वयं भी इस प्रकार के खरीद-बिक्री, लेन-देन आदि का लेखा अपने खाता बहियों में पूर्ण विवरण व साक्ष्यों के साथ रखना होगा ताकि आवश्यकता पड़ने पर उनका सत्यापन आसानी से कराया जा सके।

उक्त बजट प्राविधान से ऐसा प्रतीत होता है कि आयकर विभाग को स्वयं की कार्यक्षमता पर भरोसा उठ चुका है, तभी तो उन्हें आयकर अधिनियम में ऐसे बदलाव की आवश्यकता महसूस हुई है जिसके अन्तर्गत सम्बन्धित सरकारी विभाग व अन्य प्राधिकरण स्वयं उपरोक्त सूचनायें आयकर विभाग को मुहैया करायेगें। वैसे भी आयकर निरीक्षक जिनके ऊपर विभाग के लिए सूचना एकत्रित करने की जिम्मेदारी है, अब भ्रष्टाचार के पर्याय बन चुके हैं व अब तो उनके पद व कार्यभार के औचित्य पर सवालिया निशान खड़ा हो गया है।

इस प्रस्तावित प्राविधान का सबसे हानिकारक पहलू यह है कि उक्त विवरणी से प्राप्त सूचनाओं का मूल्यांकन आयकर विभाग किस प्रकार करता है, क्योंकि मात्र उपरोक्त सूचना के आधार पर विभाग इस स्थिति में नहीं होगा कि लेन-देन सही है और खाता बहियों के माध्यम से है या अथवा नही। ऐसे में उनके पास दो विकल्प बचते हैं, जिसमें से एक नोटिस भेजकर तथा दूसरा निरीक्षक को भेजकर लेन-देन की वैधता का सत्यापन करना। ये दोनो ही विधियाँ जनता की परेशानीयों में वृद्धि के साथ-साथ भ्रष्टाचार को भी बढ़ावा देगा तथा जनता को बात-बात पर अपनी खाता बहियों को लेकर विभाग में सत्यापन हेतु आमंत्रित किया जायेगा। अतः यह प्रस्तावित प्राविधान प्रत्यक्ष कर की पारदर्शिता व सरलीकरण के प्रयासों व उद्देश्यों पर कुठाराघात करता है तथा बन्दर के हाथ में उस्तरा देने के समान है।

● *जेसी कंचन कुमार कुशवाहा*
चार्टर्ड एकाउण्टेण्ट

राष्ट्रभाषा हिन्दी

रूको अभी मत जाओ, मुझे कुछ कहना है।
बरसों से मैनें जो पीड़ायें सही हैं,
उसका हिसाब लेना है।

माँ को छोड़कर
विदेशी मौसी को अपनाते हो
मेरे जख्मों को तुम निरंतर बढ़ाते हो,

वह सम्मान जो तुम्हारे पूर्वजों ने मुझे दिलाया
लेकिन तुम्हीं ने मुझे
अपने ही देश में नीचा दिखाया

शायद अब भी तुम
मुझे पहचान नहीं पाये
पहचानोगे भी कैसे

तुम माँ को छोड़
उस विदेशी मौसी के गुरूर में हो
उसने आधुनिकता का मुखौटा जरूर दिया है

लो मैं स्वयं ही तुम्हें
अपना परिचय देती हूँ
मैं तुम्हारे पूर्वजों की राजनन्दिनी हूँ

हाँ मैं वही राष्ट्रभाषा हिन्दी हूँ।

● *जेसीलेट कोपल अग्रवाल*

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

JAYCEE TERMS & ABBREVIATIONS

AOS : Awards Orientation Seminar
APP : Annual Programme Planner
AWARDS : Recognizing outstanding Jaycee Achievements
CGB : Chapter Governing Board
CHALLENGE : The official monthly publication of Indian Jaycees
CREED : The official declaration of Principles of Jaycees
DELEGATE : A Jaycee attending a meeting as a member of LOM delegation.
EVP : Executive Vice President
EXTENSION : Process of starting a new chapter
GLC : General Legal Counsel
HGF : Henry Giessenbier Fellow, Life membership of Indian Jaycees given in honour of outstanding contribution
ID : Individual Development
IJC : Indian Jaycees
IPP : Immediate Past President (the previous year's President)
JCI : Jaycees International Inc.
JCI LEADER : The official publication of JCI
JAYCEE (JC) : A member of 'Jaycees'
JAYCEERETTE (Jc'tte) : Wife of a Jaycee who in not a Jaycee herself
JIID : Jaycee Institute of Individual Development
JAYCEE WEEK : The annual public relation week of Jaycees to promote their activity and image in the community
KIT : A term of background material, guidlinances etc.
KRIYASHEELATA : The official bi-monthly publication of U.P. state Jaycees
LIA : Leadership In Action
LD : Leadership Development
LOM : Local Organization Member
LOTS : LOM officers Training School
NS : National Secretariate
NEC : National Executive Committee
NGB : National Governing Board
NOM : National Organization Member of JCI (like IJC)
NP : National President
NVP : National Vice President
PNP : Past National President
NATCON : National Convention of the Annual General Meeting IJC, convened with liason between LOMs and IJC, assisting and guiding in implementation of Jaycees activity at LOM level.
NTTTS : National Train the Trainers School
NOTS : NOM Officers Training School
PD : Project Director
PR : Public Relations
PRO : Public Relations Officer
PACAP : Provisionally Affiliated Chapter Assistance Plan
PP : Past President
PSP : Past State President
PSVP : Past State Vice President
PWP : Past World President
PNP : Past National President
PNVP : Past National Vice President
PEVP : Past Executive Vice President
R&R : Records and Recognition
ROVERT'S RULES OF ORDER : Rules of Meeting Procedures used in conduct of meeting of voluntary organizations.
ZJC : Zone Jaycees
ZGB : Zone Governing Board
SA : Special Appointee
SCRAP BOOK : Documents presentation of supporting evidence in the form an album for an Award.
ZOM : Zone Organization Member
ZOTS : Zone Officers Training School
SG : Secretary General
ZP : Zone President
ZVP : Zone Vice President
NTTTS : National Trains The Trainers School
ZONECON : Zone Conference
SENATOR : A live member of JCI Awarded to individuals in recognition of their outstanding contributions
SUSTAINING MEMBER : Any individual or institution assisting financially the activities of Jaycces
TOYP : Ten Outstanding Young Persons Program
W&M : Ways and Means
WP : World President
WORLD CONGRESS : Annual General Meeting of JCI
YJ : Youth Jaycees

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

Here are the treasures

or your health of body, mind, spirit and for your success

1. To balance your body Keep diet, avoid eating and use only fresh food.
2. To Keep mental balance
   Cultivate positive thinking
3. Spiritual level is balanced through meditation, silence, reading of good books healthy reflections, concentration and relaxation.
4. What is Happiness?
   To live content with small means to seek elegance rather than luxury to work hard think quietly talk gently ask frankly to listen to the stars and birds to the babes and the sages with an open heard to bacon every thing cheerfully and with an open heart.
5. For a happy and effective life the essential are: Sincerity, humility, perseverance and an insatiately thirst for progress. Above all one must be convinced of a limitless possibility of progress.
6. To learns is the posture and cordial efforts to understands belief practices and habits without necessarily sharing or accepting them.
7. Story of successful.

They have plenty of drive.
They accept responsibility cheerfully.
They know that success is never an accident.
They look listening and learn.
They find out if they are not sure.
They welcome new ideas.
They profit by their mistakes.
They speak clearly and convincingly.
They don't expect all the credit they cooperate.
They realize that their future in their own responsibility.
They believe in good manners and good business.
They are willing to go that extra mile.
They are careful about that finance.
They set a goal for themselves.
They keep physically and mentally fit.
They know the value of enthusiasm.
They make others feel important.
They control their temper.
They consider work a privilege.
They are their own critics.

● *JC Sumit Kedia*

अध्याय के नए सितारे...

नाम - दीपक बालचन्दानी
जन्मतिथि - 13.06.1976
आफिस - मेसर्स शहनाज गुरुद्वारा, गुरुबाग वाराणसी
फोन - 2390017
निवास - डी. 53/75 लक्सा रोड वाराणसी
पत्नी - वर्षा बालचन्दानी

नाम - पंकज टेकड़ीवाल
जन्मतिथि - 25.08.1975
आफिस - मोदीकेयर लिमिटेड रथयात्रा क्रासिंग, वाराणसी
मोबाइल - 9415269612
निवास - 7, गंगा बाग कालोनी, लक्सा वाराणसी

नाम - विष्णु कुमार अग्रवाल
जन्मतिथि - 29.11.1971
आफिस - विष्णु कु0 अग्रवाल एण्ड एसोसिएटस् A3/87, त्रिलोचन बाजार, वाराणसी
फोन - 2435671
मोबाइल - 9415285202
निवास - ए 2/57, त्रिलोचन घाट, वाराणसी
फोन - 2436583
पत्नी - सोनम अग्रवाल

नाम - मनोज लखमानी
जन्मतिथि - 23.03.1972
निवास - डी. 64/29 आई, प्लाट नं 5 बैंक कॉलोनी, महमूरगंज वाराणसी
फोन - 3111474
आफिस - किड्स कैम्प, गुरुवाग, वाराणसी
पत्नी - पूजा लखमानी

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

जेसी सप्ताह : उत्कर्ष 2004

दिनांक : 9 से 15 अगस्त 2004

इस सप्ताह को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य जेसी सदस्यों का जन-जन के बीच जाकर उन्हे जेसीज के कार्यों से अवगत कराना है व कार्यक्रमों के माध्यम से उनकी सहभागिता सुनिश्चित कराना है। अध्याय द्वारा जेसी सप्ताह उत्कर्ष 2004 के अन्तर्गत सम्पादित विभिन्न कार्यक्रमों का विवरण संक्षिप्त रूप से प्रस्तुत है।

पत्रकार वार्ता : सप्ताह व्यापी कार्यक्रमों की जानकारी समाचार पत्र के माध्यम से जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से एक वृहद पत्रकार वार्ता का आयोजन स्थानीय पराड़कर स्मृति भवन, मैदागिन, वाराणसी में दिनांक 6 अगस्त को आयोजित हुई जिसमें सप्ताह पर्यन्त चलने वाले कार्यक्रमों का विवरण उपस्थित पत्रकारों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम के संयोजक जेसी गौरव राठी को हार्दिक बधाईयाँ।

माँ गायत्री श्रृंगार एवं भजन संध्या : "ईश्वर में आस्था मानव जीवन को सार्थकता एवं उद्देश्य प्रदान करती है" इस भावना को चरितार्थ करते हुए लहुराबीर स्थित गायत्री माता मंदिर में माँ का भव्य श्रृंगार कराकर भजन का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम के संयोजक जेसी संदीप अग्रवाल को हार्दिक बधाईयाँ।

राष्ट्र संकल्प -(रैली शपथ एवं स्वतंत्रता सेनानीयों का सम्मान) : दिनांक 9 अगस्त को सांसद श्री राजेश मिश्रा ने सम्मानित स्वतंत्रता सेनानीयों का भारत माता मन्दिर में सम्मान करते हुए एवं शांति के प्रतीक कबूतरों को आसमान में छोड़ काशी जेसीज द्वारा आयोजित जेसी सप्ताह उत्कर्ष 2004 के कार्यक्रमों का शानदार शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद जी ने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान एवं देशभक्ति से प्रेरणा लेने का आह्वान करते हुए समारोह में उपस्थित जेसी सदस्यों, जन समुदाय एवं छात्र - छात्राओं को जेसी सप्ताह के प्रारंभ हेतु शुभकामनाएँ एवं बधाईयाँ दी। स्वतंत्रता सेनानियों ने इस अवसर पर काशी जेसीज द्वारा सप्ताह में आयोजित कार्यक्रमों को देशप्रेम की भावना से ओतप्रोत बताते हुए आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की एवं अपने स्वतंत्रता आंदोलन के संस्मरण से लोगों को भाव विभोर कर दिया। विशिष्ट अतिथि भारतीय जेसीज जोन 3 के मण्डलाध्यक्ष जेसी आलोक अग्रवाल ने भी इस अवसर पर काशी जेसीज के सदस्यों को शानदान जेसी सप्ताह के आयोजन योजना हेतु बधाई दी एवं कार्यक्रम के प्रारंभ में इस प्रकार से देशप्रेम से ओतप्रोत कार्यक्रम के आयोजन हेतु सभी को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर हैप्पी मॉडल, चिल्ड्रेन एकेडमी एवं गोकूल निकेतन विद्यालय के उपस्थित सैकड़ों बच्चों एवं शिक्षकों को सांसद महोदय ने देशहित एवं विकास के लिए कार्य करने हेतु शपथ दिलायी। छोट बड़े सभी बच्चों ने इस कार्यक्रम में उत्साह से भाग लिया। इस कार्यक्रम के संयोजक जेसी सुभाशीष बोस एवं प्रदीप वर्मा को हार्दिक बधाईयाँ।

निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं अपना रक्त वर्ग पहचानिये कार्यक्रम : दिनांक 10 अगस्त को निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं अपना रक्तवर्ग पहचानिये कार्यक्रम अत्यन्त सफल रहा। रोडवेज बस स्टैंड कैण्ट पर आयोजित इस शिवीर में 260 लोगों ने अपना नेत्र परिक्षण कराया एवं लगभगत 225 लोगों का इस अवसर पर रक्त वर्ग परीक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। वाराणसी आई बैंक सोसाइटी के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ए0आर0टी0 ओ0 श्री आर0 एस0 यादव ने कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री यादव जी ने बस ड्राइवरों एवं स्टाफ व जनता के लिए आयोजित काशी जेसीज के कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रसंशा की एवं कहा कि समाज में यदि इसी प्रकार से हमलोग एकदूसरे का सहयोग करने की पहल करें तो निश्चित रूप से जिन्दगी बहुत आसान हो सकती है। इस अवसर पर लगभग 300 लोगों ने नेत्र दान व रक्त दान का फार्म भरते हुए संकल्प लिया। इस शिवीर मंचदूत-नाट्य संस्थान द्वारा मंचित नुक्कड़ नाटक ने जनता के समक्ष अपनी विशेष छाप छोड़ी। नगर के प्रसिद्ध कलाकार श्री विश्वनाथ बोस द्वारा निर्देशित नाटक ने सबको बड़े ही भाव पूर्ण ढंग से एक उद्देश्य दिया नेत्र दान करने हेतु। इस शिविर के समन्वयक वाराणसी आई बैंक सोसाइटी के सचिव डा. सुनील शाह ने इस अवसर पर पिछले दिनों नेत्र दान करने वाले महान विभूतियों के परीजनों को सम्मान प्रदान किया। नेत्र दान से लाभान्वित होने वाले महानुभावों द्वारा जनता को उद्बोधित किया गया। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डा0 दीपक कुमार, डा0 दिनेश सिंह एवं डा0 अनुराग मोतीलाल, जायसवाल पैथोलाजी से आए डा0 जायसवाल एवं चश्मा सागर प्रतिष्ठान की उपस्थिति के साथ विशेष सहयोग रहा। इस कार्यक्रम के संयोजक जेसी जैनेन्द्र सिंह नाहर को हार्दिक बधाईयाँ।

जेसी क्लाथ बैंक की स्थापना : श्री हनुमान प्रसाद पोद्दार अन्ध विद्यालय में दिनांक 11 अगस्त बुधवार को जेसी क्लाथ बैंक की विधिवत स्थापना अपर जिलाधिकारी नगर श्री राजेन्द्र कुमार जी के कर कमलों द्वारा की गई। काशी जेसीज के स्थायी प्रोजेक्ट के रूप में प्रतिस्थापित इस क्लाथ बैंक के माध्यम से नगर के जेसी सदस्य अन्य स्वयं सेवी संस्थाओं के लोग व समाज का कोई भी व्यक्ति नए, पुराने जो भी वस्त्र दान करना चाहे कर सकता है। समय समय पर ये वस्त्र निर्धन व असहाय और जरूरत मंदों को प्रदान किया जाता रहेगा। बैंक उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि राजेन्द्र कुमार जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

भौतिकतावादी इस युग में काशी जेसीज के इस सोच का मैं तहे दिल से सम्मान करता हूँ। काशी जेसीज द्वारा मानवीय संवेदनशीलता के प्रति सचेत होना मानवता का बहुत बड़ा उदाहरण है। यदि समाज में वास्तविक सेवा करनी है तो निष्ठा पूर्वक ऐसे सेवा कार्यों को हाथ में लेने के लिए स्वयंसेवी संगठनों को आगे आना ही होगा।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री धर्मेन्द्र सिंह को सम्मानित किया गया एवं विद्यालय के बच्चों के बीच में वस्त्र वितरीत किये गये।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री जय प्रकाश मुंदड़ा जी थे। जिन्होने अध्याय के इस कार्यक्रम की सराहना की और इसे निर्धन और असहाय वर्ग के लिए अत्यन्त उपयोगी बताया।इस अवसर पर बच्चों के बीच फल , मिष्ठान इत्यादि का भी वितरण किया गया।इस कार्यक्रम के संयोजक जेसी मनीष गोयल को हार्दिक बधाईयाँ।

लिटिल मिस, मास्टर एवं किड काशी व आदर्श गृहणी कौन ? दिनांक 12 अगस्त को अध्याय द्वारा श्री नागरी नाटक मण्डली प्रेक्षागृह में लिटिल मिस, मास्टर एवं किड काशी प्रतियोगिता व काशी अन्नपूर्णां जेसीज के साथ संयुक्त रूप से आयोजित आदर्श गृहणी कौन? का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों द्वारा प्रतिभागन देखते ही बनता था। तकरीबन 2000 दर्शकों की तालियों के बीच लिटिल मिस, मास्टर, किड काशी एवं आदर्श गृहणी कौनं? के विजेता घोषित किये गये। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डी. आई. जी . वाराणसी परीक्षेत्र श्री राम नारायण यादव के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया, जिन्होने अपने उंद्बोधन में इस कार्यक्रम की आयोजन गुणवत्ता की प्रशंसा की एवं इस कार्यक्रम को शहर में विशिष्ट कार्यक्रमों की श्रेणी में होने की बात कही। छोटे-छोटे बच्चों की प्रतिभा प्रदर्शन देखते ही बनती थी। साथ में नृत्य के कार्यक्रम इस आयोजन की जान थी। इस कार्यक्रम के प्रायोजक रूपहली साड़ीज एवं सह प्रायोजक बजाज एलाएन्ज थे। इस कार्यक्रम का आयोजन नगर की एक और सक्रिय अध्याय काशी अन्नपूर्णां जेसीज के साथ मिलकर किया गया था। कार्यक्रम के संयोजक जेसी अंशुमान देव गुप्ता एवं जेसी डा. विकास भार्गव एवं जेसी अनामिका अग्रवाल को हार्दिक बधाईयाँ।

उद्यमिता विकास सेमिनार : दिनांक 13 अगस्त को अध्याय द्वारा व्यवसाय के क्षेत्र में अत्यन्त उपयोगी कार्यक्रम "इन्टरप्योनोर इन एक्शन" का आयोजन होटल पद्मिनी इंटरनेशनल, महमूरगंज में किया गया। विभिन्न क्षेत्रों से आमंत्रित अग्रणी विभूतियों से सुसज्जित इस सेमिनार में व्यवसाय जगत से जुड़ी महत्वपूर्ण चर्चायें एवं उपयोगी सुझाव आयोजन की मुख्य विशेषता रही ।मुख्य अतिथि सनबीम शिक्षण समूह के प्रबन्ध निदेशक श्री दीपक मधोक सहित व्यापार मण्डल के सचिव श्री राकेश जैन, नेशनल इंश्योरेंस कं0 लिमिटेड के डिविजनल मैनेजर श्री ए0 के0 सिंह व रंगोली शेयर हाउस के निदेशक श्री सुनील बंसल सहित नगर के कई गणमान्य व्यक्तियों, जेसी सदस्यों एवं प्रतिभागियों ने बड़े ही उत्साह के साथ इस सेमिनार में प्रतिभागिता किया। इस कार्यक्रम के संयोजक चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट एवं सक्रिय जेसी पी. के. अग्रवाल को ढ़ेर सारी बधाईयाँ।

एक शाम, शहीदों के नाम : भावांजली दिवस के रूप में शहीदों को समर्पित 14 अगस्त अर्थात स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या देश भक्ति गीतों एवं नृत्यों से सराबोर रही। अत्यन्त उत्साह के माहौल में द म्यूजिक सिटी के विशेष सहयोग से श्री नागरी नाटक मण्डली कबीर चौरा में आयोजित अर्न्तविद्यालीय समूह नृत्य प्रतियोगिता के साथ नगर के स्थापित कलाकारों द्वारा विभिन्न विधाओं में मंचीय सांस्कृतिक प्रदर्शन ने अपार जन समूह की उपस्थिति में अपनी विशेष छाप छोड़ी। देश प्रेम से ओत प्रोत इस कार्यक्रम में शहीदों को नमन किया गया।इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री एस0एन सावत के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया, जो पुरे कार्यक्रम के दौरान लगभग ढ़ाई घण्टे सपत्निक उपस्थित रहे । इस कार्यक्रम का शानदार संयोजन किया नवीन जेसी दीपक बालचन्दानी एवं जेसी मनोज लखमानी आप दोनो को हार्दिक बधाईयाँ एवं भविष्य हेतु ढ़ेर सारी शुभकामनाएँ।

स्वतंत्रता दिवस समारोह : हमेशा की तरह इस वर्ष भी 15 अगस्त की सुबह अध्याय द्वारा अपने स्कूल गौराकला प्राइमरी पाठशाला में उत्साहजनक माहौल में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। 15 जेसी एवं 4 जेसीरेट सदस्याओं की उपस्थिति एवं उत्तर प्रदेश सरकार के प्रौद्योगिकी एवं सूचना राज्यमंत्री श्री वीरेन्द्र सिंह के मुख्य आतिथ्य में झंडोत्तोलन कार्यक्रम के उपरांत स्कूल में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम संचालित किया गया। मेघावी छात्रों को पुरस्कार सहित स्कूल के 750 छात्र छात्राओं के बीच कापी-पेंसिल-बिस्कुट, मिष्ठान व खिलौनों, खेल सामग्रियों का इस अवसर पर वितरण किया गया। इस अवसर पर अपने अध्याय द्वारा प्रकाशति जेसी बिजनेस डायरेक्ट्री का विमोचन भी सम्पादक जेसी समीर रस्तोगी एवं संयोजक जेसी मनमोहन लोहिया द्वारा कराया गया। इसी अवसर पर नगर के छात्र छात्राओं द्वारा महामहिम राष्ट्रपति को शिक्षा व युवा विकास कार्यक्रम "सम्वाद" के अन्तर्गत भेजे जाने वाले सुझाव पत्रों का भी विमोचन कराके कार्यक्रम का श्री गणेश किया गया। कार्यक्रम संयोजक जेसी जयकिशन खत्री को हार्दिक बधाईयाँ।

महान दिवस : उत्कर्ष 2004 साप्ताहिक कार्यक्रमों का समापन समारोह होटल क्लार्क में 15 अगस्त की शाम को आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रख्यात तबला सम्राट और काशी के गौरव पद्मविभूषण पं0 किशन महाराज के द्वारा सप्ताह संयोजक, सह संयोजक , संयोजिका और सभी दिवस संयोजकों को पुरस्कृत किया गया इस ।इस अवसर पर भारत के राष्ट्रपति के कर कमलों द्वारा आदरणीय मुख्य अतिथि महोदय को मिले डाक्टरेट की उपाधि के सम्मान स्वरूप आदरणीय पं0 किशन महाराज को अध्याय की ओर से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व मण्डलाध्यक्ष जेसी अनिल जाजोदिया, मण्डल सचिव जेसी मनोज टण्डन सहित जेसी के कई गणमान्य अधिकारी व पत्रकार बन्धु उपस्थित थे। कार्यक्रम संयोजक जेसी मनीषी पाण्डेय को ढेर सारी बधाईयाँ।

काशी जेसीज
जेसीरेट सप्ताह - 2004

पेंटिंग प्रतियोगिता - दिनांक 9 अगस्त को श्री अग्रसेन कन्या इण्टर कालेज मैदागिन में कक्षा 6 से 8 तक की छात्राओं के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में करीब 300 छात्राओं ने बढ़चढ़कर अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम की संयोजिका जेसीरेट निकिता अग्रवाल को हार्दिक बधाईयाँ।

वाद-विवाद प्रतियोगिता - दिनांक 10 अगस्त को श्री अग्रसेन कन्या इण्टर कॉलेज मैदागिन में अर्न्तविद्यालीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का विषय था "भारतीय संस्कृति पर पाश्चात्य संस्कृति का प्रभाव घातक" विभिन्न स्कूलों से आयी छात्राओं ने इस विषय पर अपने विचार रखे। इस कार्यक्रम की संयोजिका जेसीरेट रश्मि टिबड़ेवाल को हार्दिक बधाईयाँ।

मकई कुकवेल कार्यक्रम : दिनांक 11 अगस्त को होटल इण्डिया कैण्टोमेण्ट में होटल के फूड मैनेजर श्री टी0सी0 शर्मा एवं सेफ थापा ने महिलाओं को कई व्यंजनों को बनाने की विधि बताई जिसमें मक्का सिंक कबाब एवं स्पाईसी बेबी कार्न की रेसिपी महत्वपूर्ण रही। इस कार्यक्रम की संयोजिका जेसीरेट बबिता जाजोदिया को हार्दिक बधाईयाँ।

सिरामिक प्रशिक्षण : दिनांक 12 अगस्त 2004 को जेसीरेट्स के लिए सिरामिक प्रशिक्षण का आयोजन स्थानीय नैवेद्यम रेस्ट्रेन्ट, महमूरगंज में किया गया। जिसमें प्रशिक्षिका श्रीमती अनु अग्रवाल अपनी कला से जेसीरेट्स को बहुत ही लाभान्वित किया। इस कार्यक्रम की संयोजिका जेसीरेट मुदिता अग्रवाल को हार्दिक बधाईयाँ।

रक्तदान शिविर : शाखा द्वारा दिनांक 13 अगस्त को ब्लड बैंक बी.एच.यू. में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें अध्याय अध्यक्ष जेसी राजेश सोनी एवं पूर्वाध्यक्ष जेसी अनिल जाजोदिया तथा जेसी प्रदीप इसरानी, जेसी संदीप टण्डन, जेसी जय किशन खत्री एवं जेसी पवन सरीन ने रक्तदान कर अपना अमूल्य सहयोग दिया। इस कार्यक्रम की बी.एच.यू. ब्लड बैंक में भूरि-भूरि प्रशंसा हुई। इस कार्यक्रम की संयोजिका जेसीरेट नीतू टण्डन को हार्दिक बधाईयाँ।

मेंहदी रचे हाथ प्रतियोगिता: शाखा द्वारा श्री अग्रसेन कन्या इण्टर कॉलेज में मेंहदी रचे हाथ प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 14 अगस्त को किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय की करीब 38 छात्राओं ने अपनी कलाओं का प्रदर्शन अपनी हथेलियों पर बड़े ही कलात्मक ढ़ंग से किया। इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के अलावा तीन साँत्वना पुरस्कार दिये गये। कार्यक्रम संयोजिका जेसीरेट रीनू अग्रवाल को हार्दिक बधाईयाँ।

वृक्षारोपण कार्यक्रम: काशी जेसीज द्वारा संचालित प्राइमरी पाठशाला, गौराकला में दिनांक 15 अगस्त को शाखा द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम उ0प्र0 के प्रौद्यौगिकी एंव सूचना राज्यमंत्री माननीय श्री वीरेन्द्र सिंह के कर कमलों के द्वारा सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम की संयोजिका जेसीरेट स्वप्निल अग्रवाल को हार्दिक बधाईयाँ।

काशी जेसीज
जूनियर जेसी सप्ताह - 2004

कैरियर अपरच्युनिटी पर सेमीनार : सप्ताह के प्रथम दिन जे जे विंग द्वारा डब्लू.एच.स्मिथ मेमोरियल स्कूल के बच्चों का कैरियर अपरच्युनिटी पर सेमीनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में मेडिकल प्रोफेशन की महत्वपूर्ण जानकारी डा0 अरविन्द कृष्ण गुप्ता ने दी। चार्टड एकाउन्टेन्ट श्री पी0के0 अग्रवाल ने चार्टर्ड एकाउन्टीग शिक्षण की महत्वपूर्ण जानकारी देकर वित्तीय विधियों सहित सभी को लाभान्वित किया। इस कार्यक्रम के संयोजक जे जे प्रतीक को हार्दिक बधाईयाँ।

लीडरशीप 21 सेन्चुरी : दिनांक 10 अगस्त 2004 को प्रशिक्षण कार्यक्रम लीडरशीप सेन्चुरी का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत जेसीज के क्षेत्रीय प्रशिक्षक जेसी डा0 विकास भार्गव ने प्रभावी संचार विषय पर स्कूली बच्चों को प्रशिक्षित किया उन्होने बताया कि भाषा सिर्फ संचार का माध्यम है और 90 प्रतिशत संचार भाषा और संवाद के बिना ही किया जाता है। व्यक्ति की भाव भंगिमाएं ही संवाद और संचार का कार्य करती हैं। प्रभावी संचार का सीधा अर्थ अपनी भावनाओं का संवाद सम्बन्धित व्यक्ति को उसी अंदाज में प्राप्त हो जैसा आप चाहते हैं। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा छोटे-छोटे खेलों द्वारा प्रतिभागन किया गया। इस कार्यक्रम के संयोजक जेजे गुरविन्दर कौर को हार्दिक बधाईयाँ।

दिनांक 11 अगस्त को लीडरशीप 21 वीं शताब्दी के अन्तर्गत लक्ष्य निर्धारण विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। मण्डल प्रशिक्षक जेसी मनोज टण्डन एवं जेसी शालिनी बर्मन द्वारा इस अवसर पर दिया गया प्रशिक्षण अत्यन्त रोचक ज्ञानवर्द्धक एवं उपयोगी रहा। इस कार्यक्रम के संयोजक जेजे रोमित कुमार को हार्दिक बधाईयाँ।

कार्टून बनाने का रोचक प्रशिक्षण : काशी जेसीज की डब्लू.एच. स्मिथ जूनियर जेसी शाखा के अंतर्गत 12 अगस्त को स्कूल के जेजे सप्ताह के अन्तर्गत कार्टून बनाने की कला का रोचक प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षक एवं नगर के प्रसिद्ध कार्टूनिष्ट श्री विनय कूल जी ने इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को कार्टून बनाने की तकनीक व विधियों से बड़े ही प्रभावी ढंग से परिचित कराया। अपने आप में अनूठी इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विद्यार्थियों में एक कार्टून बनाने की कला प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त किया नेहा गुप्ता ने तथा द्वितीय व तृतीय स्थान पर क्रमशः जेबा शरीफ व मनीष कुमार रहे। कार्यक्रम संयोजक जे जे विभा को हार्दिक बधाईयाँ।

विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएँ : जूनियर जेसी शाखा द्वारा दिनांक 13 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में स्लोगन एवं क्वीज सहित कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के छात्र-छात्राओं ने अति उत्साह से भाग लिया। इस कार्यक्रम के संयोजक जे जे सुमित मेहरोत्रा को हार्दिक बधाईयाँ।

सप्ताह समापन समारोह : डब्लू.एच.स्मिथ स्कूल में ही सप्ताह समापन समारोह का आयोजन किया गया। स्कूल के हजारों बच्चों की उपस्थिति में सप्ताह संयोजिका एवं सभी दिवस संयोजकों को पुरस्कृत एवं स्कूल मैनेजमेंट एवं स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं को स्मृति चिन्ह भी इस अवसर पर प्रदान किया गया।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

जेसी सप्ताह - उत्कर्ष 2004 एक झलक . . .

पत्रकार वार्ता

गायत्री माता का श्रृंगार एवं झांकी

राष्ट्र संकल्प कार्यक्रम में बच्चों को शपथ दिलाते सांसद श्री राजेश मिश्रा

राष्ट्र संकल्प कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि मण्डलाध्यक्ष द्वारा उद्बोधन

राष्ट्र संकल्प कार्यक्रम में स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान

निःशुल्क नेत्र परीक्षण में मुख्य अतिथि ARTO श्री आर0 एस0 यादव

जेसी क्लाथ बैंक में अपर जिलाधिकारी श्री राजेन्द्र कुमार द्वारा वस्त्र वितरण

लिटिल मिस, मास्टर काशी कार्यक्रम में डीआईजी श्री आर0एन0 यादव जी

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

जेसी सप्ताह - उत्कर्ष 2004 एक झलक . . .

लिटिल मिस, मास्टर, किड काशी कार्यक्रम में पुरस्कृत बच्चे

उद्यमिता विकास सेमिनार में मुख्य अतिथि श्री दीपक मधोक एवं अन्य विशिष्ट अतिथि

एक शाम, शहीदों के नाम - समूह नृत्य प्रतियोगिता

एक शाम, शहीदों के नाम - प्रतिभागियों के साथ एसएसपी श्री एस0एन0 सावत

स्वतंत्रता दिवस समारोह में स्वागत करते अध्याय अध्यक्ष

स्वतंत्रता दिवस समारोह में उ0प्र0 राज्य मंत्री श्री वीरेन्द्र सिंह

महान दिवस पर अवसर का विमोचन करते हुए मुख्य अतिथि

महान दिवस के अवसर पर पद्मविभूषण पं0 किशन महाराज का सम्मान

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

जेसी सप्ताह - उत्कर्ष 2004 एक झलक . . .

पेंटिंग प्रतियोगिता

वाद विवाद प्रतियोगिता

मकई कुकवेल कार्यक्रम

सिरामिक प्रशिक्षण

रक्तदान कार्यक्रम

मेंहदी रचे हाथ प्रतियोगिता

मुख्य अतिथि श्री वीरेन्द्र सिंह द्वारा वृक्षारोपण

पद्मविभूषण पं0 किशन महाराज को सम्मानित करते हुए जेसीरेट सुरभि रस्तोगी

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

डब्लू. एच. स्मिथ जूनियर जेसी सप्ताह - उत्कर्ष 2004 एक झलक . . .

जूनियर जेसी सप्ताह का उद्घाटन करते मण्डलाध्यक्ष

मण्डलाध्यक्ष जेसी आलोक अग्रवाल द्वारा जेजे सप्ताह का उद्घाटन उद्बोधन

कार्टून मेकिंग की बारीकियाँ समझाते श्री विनय कूल

प्रसिद्ध कार्टूनिस्ट श्री विनय कूल पुरस्कार देते हुए

पुरस्कार ग्रहण करती चेयरपरसन जे जे ऋचा केशरी

प्रशिक्षण कार्यक्रम कैरियर अपरच्युनिटी में प्रशिक्षण देती जेसी शालिनी बर्मन

जेसी क्वीज प्रतियोगिता

प्रशिक्षण कार्यक्रम कम्यूनिकेशन स्किल में प्रशिक्षण देते जेसी डॉ0 विकास भार्गव

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

Happy Birthday

तुम जियो हजारों साल

अक्टूबर

2 जेसी समीर रस्तोगी
5 जेसी संजय जैन
5 जेसी सुनील बंसल
8 जेसी जय प्रकाश मुंदड़ा
10 जेसी पवन सिंह सरीन
10 जेसीरेट निकीता अग्रवाल
12 जेसीरेट मंजू मुंदड़ा
12 जेसीरेट शिखा बोस
18 जेसी संजय सिंह
20 जेसी संजय मानसिंहका
21 जेसी प्रदीप जाजोदिया
23 जेसी दीपक माहेश्वरी
24 जेसीरेट गौरी केडिया
27 जेसीरेट मीना अग्रवाल
28 पंकज अग्रवाल 2

नवम्बर

1 जेसी नागेन्द्र भगत पंकज
3 जेसीरेट सीमा रस्तोगी
10 जेसी पवन सिंह सरीन
12 जेसी अशोक कुमार लडिया
17 जेसी सुबोध अग्रवाल
18 जेसी पराग कुमार मोदी
21 जेसी अमित सिंह
24 जेसी डा0 विपुल एस0 पण्डया
23 जेसीरेट कंचन राधानी
25 जेसी संदीप माहेश्वरी
26 जेसी रवि कानोडिया
27 जेसी चौधरी उस्मान जमील
29 जेसी कंचन कुशवाहा
30 जेसीरेट शीबा

दिसम्बर

1 जेसी डा0 अतुल भटनागर
1 जेसी केशव कृष्ण अग्रवाल
2 जेसी सुभाशीष बोस
2 जेसीरेट सुनीता अग्रवाल
7 जेसीरेट विनीता अग्रवाल
7 जेसी जय प्रकाश टिबड़ेवाल
9 जेसी आलोक मुंदड़ा
14 जेसी आसिफ खान
16 जेसी जयकिशन खत्री
24 जेसी गौरव राठी
25 जेसीरेट शालिनी जैन
29 जेसी राजकुमार अग्रवाल
29 जेसी संजीव अग्रवाल

13 अक्टूबर
अध्याय
अध्यक्ष
जेसी राजेश सोनी

Happy Anniversary

हाथों में तेरे मेरा हाथ रहे

नवम्बर

13 जेसी सुप्रभात - पूनम सिंह
16 जेसी रोहित - जेसीरेट सिम्पल कपूर
19 जेसी राजकुमार - रेनू अग्रवाल
20 जेसी नन्दलाल - रीनू अग्रवाल
21 जेसी संदीप - तनू माहेश्वरी
24 जेसी प्रदीप - निशा इसरानी
25 जेसी कंचन - वंदना कुशवाहा
27 जेसी विनय - मीना अग्रवाल
30 जेसी श्रीनारायण - रेणू खेमका
30 जेसी अमिताभ - कविता अग्रवाल
31 जेसी संजय - सुमन गुप्ता

दिसम्बर

2 जेसी अनिल - निशा रस्तोगी
4 जेसी पवन - शोभा सिंघी
4 जेसी अनूप - नित्या पोद्दार
6 जेसी अनिल - बबिता जाजोदिया
7 जेसी समीर - सुरभि रस्तोगी
9 जेसी संजीव - सौम्या अग्रवाल
9 जेसी विपुल शंकर - मीना पण्ड्या
10 जेसी सुमीत - गौरी केडिया
11 जेसी जय प्रकाश - रश्मि टिबड़ेवाल
13 जेसी अंजनी - प्रज्ञा अग्रवाल
15 जेसी कमल - प्रीति अजवानी
25 जेसी अतुल - स्वाति भटनागर

चेहरे मे चेहरा तृतीय अंक का शुद्ध हल एवं परिणाम

प्रतियोगिता का सही जवाब इस प्रकार है-

जेसीरेट चेयरपरसन के चेहरे में ऊपर से आँखों तक का हिस्सा जेसीरेट चेयरपरसन सुषमा कोठारी का व बाकी का हिस्सा जेसीरेट चेयरपरसन गौरी केडिया का है।

पूर्वाध्यक्षों के चेहरे मे चेहरा में ऊपर से आँखों तक का हिस्सा हमारे पूर्वाध्यक्ष जेसी पंकज अग्रवाल व बाकी का हिस्सा पूर्वाध्यक्ष जेसी दीपक माहेश्वरी का है।

सर्वशुद्ध हल भेजने वालों का नाम

जेसीलेट शोभित अग्रवाल, पुत्र जेसी केशव कृष्ण अग्रवाल
जेसीलेट क्षिप्रा सिन्हा, पुत्री जेसी विकास सिन्हा
जेसीलेट वत्सल अग्रवाल, पुत्र जेसी सुबोध अग्रवाल
जेसीलेट अक्षित सिंह, पुत्र जेसी अमित सिंह

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अध्याय समाचार

जेसी बिजनेस डाय़रेक्ट्री पत्रकार वार्ता - अर्थोपाय हेतु विशेष कार्यक्रम बिजनेस डायरेक्ट्री के प्रकाशन विषय पर पराड़कर स्मृति भवन में दिनांक 05 जूलाई को एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। इस पत्रकार वार्ता में नगर के 35 माननीय पत्रकारों की उपस्थिति में संयोजक जेसी मनमोहन लोहिया, संपादक जेसी समीर रस्तोगी एवं प्रकाशन समिति अध्यक्ष जेसी कंचन कुशवाहा ने संयुक्त रूप से सम्बोधित किया। पत्रकार वार्ता में अध्याय अध्यक्ष जेसी राजेश सोनी सहित कई अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

"शक्ति" में प्रतिभागन - गोरखपुर में दिनांक 9 व 10 जूलाई को आयोजित विशेष महिला प्रशिक्षण कार्यक्रम "शक्ति" में अध्याय की अत्यन्त सक्रिय एवं उत्साही जेसीरेट वन्दना खत्री ने शानदार प्रतिभागन किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में उनके साथ उनके जीवन साथी और निर्देशक जेसी जय किशन खत्री भी उपस्थित थे।

इन्जॉय फेवीक्रिल हॉबी आइडियाज़ - दिनांक 16 जुलाई को नैवेद्यम रेस्टूरेन्ट में जेसीरेट शाखा द्वारा एक प्रशिक्षण कार्यक्रम इन्जॉय फेवीक्रिल हॉबी आइडियाज़ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की संयोजिका जेसीरेट वंदना खत्री थीं।

"अंताक्षरी" में सहभागिता -जेसीरेट शाखा वाराणसी मेट्रो जेसीज़ के आतिथ्य में पराड़कर स्मृति भवन में दिनांक 17 जूलाई 2004 को आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपने अध्याय के कई जेसी सदस्यों एवं जेसीरेट भाभियों ने बड़े ही उत्साह के साथ भाग लिया। अपने अध्याय के जेसी मनीष अग्रवाल, जेसी मनोज गुप्ता, जेसी निकिता अग्रवाल एवं जेसीरेट महिमा शैलेष ने प्रतियोगिता में प्रतिभागन भी किया। इस प्रतियोगिता में जेसी मनीष अग्रवाल एवं जेसीरेट महिमा शैलेष ने द्वितीय पुरस्कार जीत कर अध्याय को सम्मान दिलाया।

जेसी सप्ताह हेतु रोजाना बैठक प्रारंभ- दिनांक 20 जूलाई 2004 से सक्रिय सदस्य जेसी कंचन कुशवाहा के मैदागिन स्थित कार्यालय पर जनसम्पर्क जेसी सप्ताह उत्कर्ष 2004 के आयोजन तैयारियों हेतु रोजाना बैठक प्रारंभ हुई। आयोजन योजना पर चर्चा, कार्यक्रमों के अन्तिम रूप रेखा, आयोजन टीम - सप्ताह संयोजक, सप्ताह सह संयोजक, दिवस संयोजकों एवं सप्ताह समन्वयक समिति का भी प्रथम दिवस में गठन किया गया।

नवम संचालक मण्डल सभा - नैवेद्यम रेस्टूरेन्ट में दिनांक 23 जूलाई को अध्याय की नवम् संचालक मण्डल सभा आयोजित की गई। जेसी बिजनेस डायरेक्ट्री प्रकाशन समिति,जेसी सप्ताह संयोजन समिति के सभी सदस्यों एवं सलाहकार पूर्वाध्यक्ष जेसी संजीव अग्रवाल निवर्तमान अध्यक्ष जेसी पंकज अग्रवाल एवं अन्य वरिष्ठ जेसीयों की प्रेरक उपस्थिति इस सभा की जान थी। इन लोगों द्वारा विशेष मार्गदर्शन से सभा को बहुत बल मिला डायरेक्ट्री प्रकाशन के प्रगति पर विशेष चर्चाएँ हुई। जेसी सप्ताह 2004 के कार्यक्रमों की तैयारियों पर चर्चा की गई । साथ ही स्थापना दिवस आयोजन तैयारी को अंतिम रूप इस अवसर पर प्रदान किया गया। इस सभा के आतिथ्य थे जेसी समीर रस्तोगी एवं जेसी रोहित कपूर।

जेड.टी.डब्लू.एस. में सहभागिता - अध्याय के उत्साही एवं कर्मठ व्यक्तित्व विकास प्रशिक्षण उपाध्यक्ष जेसी डा0 विकास भार्गव ने गोरखपुर में मण्डल प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला में दिनांक 23-25 जूलाई को शानदार प्रतिभागनक कर मण्डल प्रशिक्षक चुने जाने की सफलता पाई। इस कार्यशाला में उपिस्थित सभी प्रतिभागियों के बीच में जेसी डा0 विकास का प्रतिभागन सर्वश्रेष्ठ रहा।

हिमोफिलिया जन जागृति सेमिनार - डब्लू.एच.स्मिथ जूनियर जेसी शाखा द्वारा दिनांक 25 जूलाई 2004 को प्रातः स्कूल परिसर में एक अत्यन्त जनोपयोगी सेवा कार्यक्रम हिमोफिलिया जन जागृति सेमिनार का आयोजन स्कूल मैनेजमेन्ट एवं हिमोफिलिया जनजागरण सोसाइटी के साथ संयुक्त रूप से किया गया। मुख्य अतिथि डा. बी. एम.डी. गुप्ता, स्कूल प्रधानाचार्या श्रीमती अनिता डे, डा. मिश्रा एवं डा. ओ.पी. पाण्डेय की उपस्थिति इस अवसर पर विशेष उल्लेखनीय रही। जूनियर जेसी सदस्यों के साथ ही जेसी एवं जेसीरेट सदस्याओं की उपस्थिति भी इस अवसर पर अत्यन्त उत्साहवर्द्धक थी। जेजे चेयरपरसन ऋचा केशरी, सचिव जे जे रीतिका चटर्जी के प्रेरक नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम के समन्वयक थे उपाध्यक्ष सामुदायिक विकास जेसी अंशुमान देव गुप्ता।

स्थापना दिवस समारोह - 25 जूलाई 2004 को अध्याय का स्थापना दिवस बड़े ही धूम धाम एवं हर्षोल्लास के बीच मनाया गया।प्रो0 सुरेन्द्र सिंह, कुलपति महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ के मुख्य आतिथि एवं पूर्वाध्यक्ष जेसी राजेन्द्र सिंह गम्भीर के विशिष्ट आतिथि के रूप में प्रेरक उपस्थिति के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में अध्याय के संस्थापक अध्यक्ष, सदस्यों एवं सभी पूर्वाध्यक्षों का इस अवसर पर सम्मान किया गया एवं इस अवसर पर सदस्यों के बीच मासिक, त्रैमासिक व छमाही पुरस्कार भी वितरित किये गये। इस कार्यक्रम के संयोजक थे जेसी प्रदीप वर्मा एवं जेसीरेट मीनू गुप्ता।

अध्याय पत्रिका अवसर का विमोचन - 25 जूलाई 2004 को अध्याय का स्थापना दिवस के अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि, कुलपति महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ प्रो0 सुरेन्द्र सिंह के कर कमलों द्वारा अध्याय पत्रिका अवसर तृतीयांक का विमोचन संपादिका जेसीरेट सुनीता अग्रवाल द्वारा कराया गया।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

रचना

जेसीरेट चेयरपरसन के उद्गार

प्रिय जेसी भाइयों, जेसीरेट भाभियों, जेसीलेट बच्चों, यह वर्ष अब समाप्ति की ओर है और यह वर्ष दे गया मुझे बहुत सी खट्टी मिट्ठी यादें। जेसीरेट चेयरपरसन के पद पर कार्य करते हुए इस संगठन ने मुझे बहुत सी जिम्मेदारी का अहसास कराया। कार्य को करने की एक अलग ही शैली की जानकारी मिली। अपने-अपने कार्य तो सभी करते हैं पर उन कार्यों को और बेहतर ढंग से करने की सीख हमें जेसी संगठन में ही सीखने को मिलती है। मैं आगे आने वाली जेसीरेट्स से यही कहूँगी कि 'अवसर' को पहचानें और उसका लाभ उठायें अवसर बार-बार हाथ नहीं आते।

मैंने जेसीरेट चेयरपरसन के पद को पूरी तरह से निर्वहन करने की कोशिश की है और इसे निभाने में मुझे पूरा सहयोग दिया अध्याय अध्यक्ष जेसी राजेश सोनी, जेसी समीर रस्तोगी और जेसीरेट शाखा मण्डल की सभी सदस्याओं ने। मैं उन सभी का तहे दिल से आभार व्यक्त करती हूँ।

मैं एक बार पुनः आप सभी सदस्यों का धन्यवाद करना चाहती हूँ कि आपने मुझे चेयरपरसन पद के निर्वहन में पूरा सहयोग व यह दुर्लभ अवसर प्रदान किया।

जय हिन्द जय जेसी

धन्यवाद

जेसीरेट चेयरपरसन

● *जेसीरेट सुरभि रस्तोगी*

'शक्ति' से एक पहचान

रा जीवन सर्वश्रेष्ठ बनने के लिए हुआ है, कितना सुखद है यह अहसास - एक इंसान के लिए। अपनी अलग पहचान बनाना, उसे सब पसंद करें, उससे बात करें, उसकी बातों को विशेष महत्व दें, इसके लिए चाहिए आत्म-विश्वास, नेतृत्व एवं सेल्फ कॉन्फिडेन्स-जो मैंने शक्ति में पाया, वही सब आप तक पहुँचाने का छोटा सा प्रयास।

1. एक अच्छे श्रोता बनें।
2. बोलें कम सुने ज्यादा लेकिन करें वही जो आपको ठीक लगे।
3. सदैव वही बात कहे जो आपको अपने जीवन में खरी उतरती हो। दोहरी मापदण्ड वाले व्यक्ति बनने से बच सकते हैं।
4. आप हर छोटी बड़ी कामयाबी पर खुद को शाबासी दें।
5. अपनी कमियों को स्वीकार कर सुधारने की कोशिश करें।
6. अपनी बहुमूल्य राय मांगने पर ही दें। व्यर्थ की डींगे हाकना जरूरत से ज्यादा बोलना आपकी छवि बिगाड़ सकता है।
7. अपना सामान्य व व्यवहारिक ज्ञान दुरूस्त रखें ताकि किसी भी विषय पर आप अपने विचार व्यक्त कर सकें।
8. अपनी सोच हमेशा सकारात्मक रखें, अपनी सोच में आशावादिता लायें ताकि आप चुनौतियों का सामना करने में समर्थ हों।
9. अपने पहनावे में स्मार्टनेस लाएँ, आकर्षक बनें, मिलनसार बनें। सिर्फ गम्भीरता भी ऊब पैदा करती है।
10. अपने स्वभाव में नम्रता अवश्य लाएँ। किसी गलत बात या प्रस्ताव पर ना कहना भी सीखें।

अतः इन सब बातों को अपने जीवन में उतार कर अपने क्षेत्र में मान्य जेसीरेटस बनने का प्रयास करें।

नोट - भारतीय जेसीज को छोड़कर अभी महिलाओं को प्रशिक्षित करने की योजना अन्य किसी सा0 संगठन के पास नहीं है।

● *जेसीरेट वन्दना खत्री* (शक्ति 2004 की प्रतिभागी)

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

The School Captain of St. John's DLW

St. John's DLW has always been an inspirational platform for me ever since I entered it 13 years ago as I grew I began taking part in different extra curricular activities held in and outside our school and won many laurels especially in sports quizzes, fancy dress, swimming, races, flower arrangement, badminton and in many other competition organized by different inspirits and social clubs. These success filled confidence in me and encouraged for congruous participation in different competition.

In the series of these achievements I successfully participated in Greer Olympiad, General Knowledge organized by academic Council for international fraternity, Jaipur, Chemistry and Math's Olympiad, National Science Olympiad and National Talent Search Contest. At international level I took part in Celesta and Exspo held by Aliganj and RDSO branch of City Montessori school, Lucknow.

I also secured 3rd position in a folk dance competition organized by Nav Sadhana Kala Kendra Dance Competition. Since LKG I always have been in Ist ten students in many class and get 91% (in best five subjects) in 10th board. Since 4 years I am getting championship in sports in our school.

The most outstanding of these achievements is the senior girls championship in regional athletic meet 2003 organized by Association of the school for I.Sc. in U.P. I Took part in 100m, 200m, 110m hurdles, senior 4X100m relay and get 3 gold's and one bronze, The same year I also get 'best athlete of our school' title which really means a lot in my life.

This school has given me the opportunity to discover myself, discover the talents in me and most of all the opportunity to blossom and for all this I am very thankful to my parents my Principal, teacher and friends who boosted my moral.

Ankita Rastogi
XII A

U.P. I.S.C. Sports Meet at Varanasi

राजनीति का खेल

राम ने नहीं कहा " तू मन्दिर में ही आ"
खुदा ने नहीं कहा " ए बन्दे, तू ही दर पे आ,
नानक ने गुरूद्वारे में ही नहीं बुलाया
ईशु ने नहीं कहा गिरजाघर में ही आ।

वह तो इंसान है।
जो ईश्वर को भी बांट देता है।
धर्म के नाम पर
राजनीति का खेल खेलता है।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

बालों के लिए टिप्स

दिन ब दिन बढते प्रदूषण और मानसिक तनाव के चलते बालों का टूटना झड़ना, रूखे व बेजान हो जाना, रूई जैसी कई समस्याएं हो ही जाती हैं फिर इलाज के तौर पर जिसने जो बताया, वही नुस्खा आजमाने की कोशिश शुरू हो जाती है जबकी हकीकत तो ये है कि खुद हमारे किचन में ही बालों की देखभाल की इतनी सारी सामग्रियां मौजूद हैं कि कहीं बाहर जाने की जरूरत ही नहीं बस आजमाने भर की देर है -

एक छोटा चम्मच सिरका एक मग चाय के पानी में डालें या फिर एक मग पानी में नींबू का रस डालें शैम्पू के बाद सिर में डाल कर धो लें। यह क्रिया कंडीशनर का काम करती है ऐसा हफ्ते में एक बार करने से रूखे बालों में चमक व निखार आ जाता है।

आधी कटोरी दही (यदि दो दिन फ्रिज में रखी हुई हो तो बेहतर है) में दो बड़े चम्मच मेंहदी व एक अण्डा डालकर अच्छी तरह फेंटें। आधा चम्मच काफी पाउडर भी डाल सकती हैं यह घोल बालों में अच्छी तरह लगाकर आधे घंटे के बाद सिर धो लें महीने में दो बार इसके इस्तेमाल से बालों में नई रंगत आ जाती है।

यदि कच्ची उम्र में बालों का रंग उड़ने लगे तो कच्चे हरे रीठे को काटकर, नारियल के तेल में दो दिन तक धूप में डालकर छोड़ दें अब यह तेल बालों में लगाते रहें। कुछ ही महीनों में परिणाम आपके सामने होगा। रीठों के इस्तेमाल से आँखों की ज्योति में भी वृद्धि होती है।

यदि आप कामकाजी महिला हैं तो अवकाश के दिन धूप में बैठ कर बालों की जड़ों में ऊंगलियों के पोरों से अच्छी तरह मालिश करें।इससे रक्त प्रवाह होगा और आपके बालों को पौष्टिकता मिलेगी। यह क्रिया कम से कम सप्ताह में एक बार अवश्य दोहराएं।

नहाते समय सिर पर पानी की धार बनाकर डालने से पुराना सिरदर्द ठीक हो जाता है व आँखों की रोशनी बढ़ती है ज्यादा गर्म पानी बाल कभी न धोएँ।

यदि बालों में रूसी हो गई हो व बाल टूटकर झड़ने लगे हों तो आधा कप बेसन में एक अण्डे की सफेदी व एक छोटा चम्मच सिरका मिलाकर यह घोल बालों में अच्छी तरह लगाएं। आधे घंटे बाद बाल धो लें। रूसी के लिए यह लाभ प्रद है।

जब भी बालों में तेल से मालिश करें। नहाने से पहले गर्म पानी में तौलिया भिगोंकर निचोड़ लें अब इस तौलिये से बालों को अच्छी तरह से पोंछ लें। ऐसा करने से एक तो बालों के पोर खुल जायेगें। दूसरे खुजली व जलन से भी राहत मिलेगी।

● *जेसीरेट मुदिता अग्रवाल*

मुस्कराहट से दोस्त बनाये जा सकते हैं

मुस्कराहट बोलती है। अनुसंधान दर्शाते हैं कि अच्छी मुस्कान वाले अधिक प्रभावशाली तरीके से मित्र बना सकते हैं, प्रबन्ध कर सकते हैं, पढ़ा सकते हैं और चीजें बेच सकते हैं। अच्छी मुस्कान वाले के बच्चे भी खुशदिल होते हैं। मुस्कराहट की बात हो तो भारत के सबसे अधिक चमत्कारी व्यक्तित्व वाले नेता की बात न करना अनुचित होगा उनका चमत्कार उनकी मुस्कान के कारण कई गुना बढ़ गया। वे विश्व के किसी भी नेता के साथ खड़े हो अपनी मुस्कान के कारण अधिक प्रभावशाली दिखते थे। उनकी मुस्कान देखकर ऐसा लगता था कि वे देश के लिए कुछ अच्छा करना चाहते हैं। एक अच्छे हृदय से ही अच्छी मुस्कान निकल सकती है। उदारतापूर्वक मुस्कारने वाले राजीव गांधी और कपिल देव जैसे व्यक्ति दिल से भी उदार ही होंगे। यही तो मुस्कान की शक्ति है लोगों की मुस्कान ही हमें उनकी ओर आकर्षित करती है।यदि हम अच्छे मित्र बनाना चाहते हैं तो हमारे अन्दर सुनने की कला भी होनी चाहिए जिसपर हममें से अधिकतर लोग ध्यान नहीं देते। अच्छा श्रोता होना श्रेष्ठ है। एकाग्र होकर सुनें, ईमानदारी के साथ सुनें यदि आप ऐसा करते हैं तो दूसरा व्यक्ति अवश्य ही आपको चाहने लगेगा। कहा गया है - तल्लीनता से सुने जाने पर शायद ही कोई हो जो सुनने वाले से सम्मोहित न हो। उत्तेजित दिल की बातें चुप चाप सुनने से विवाद स्वयं ही हल हो जाते हैं।

यदि आप मित्रता चाहते हैं तो ईमानदारी से प्रशंसा करना सीखें। सभी को प्रशंसा सुनना अच्छा लगता है। बशर्ते व सच्ची हो। कुछ लोग दूसरों की प्रशंसा नहीं कर पाते फिर सोचते कि उनका कोई मित्र क्यों नहीं है? आप दूसरों को हताश न करें यह बहुत महत्वपूर्ण है कि आप दूसरों से कभी न कहें कि वे गलत हैं। दूसरों की राय का आदर करते हुए उनकी गलतियों को अप्रत्यक्ष रूप से सामने लाएं।

'धन्यवाद' और 'मुझे खेद है' आसानी से कहना सीखिए संकोच मत कीजिए। यदि आप मित्र बनाए रखना चाहते हैं तो अपनी गलती तुरंत मान लिया करें। अपनी भूल तुरंत सुधारना मित्रता कायम रखने का सर्वश्रेष्ठ तरीका है। कहा गया है कि कोई भी मूर्ख अपनी भूल के लिए सफाई दे सकता है और अधिकतर मूर्ख ऐसा करते भी है। यदि आप अपनी भूल स्वीकार कर लेते हैं तो आपको श्रेष्ठता और उल्लास का अनुभव होगा। हमेशा याद रखें कि लड़कर आप भी अधिक मित्र नहीं बना सकते लेकिन झुकने पर आप अपनी आशा से अधिक प्राप्त कर सकते हैं।

कई बार हम ऐसा भी अनुभव करते हैं कि दूसरे व्यक्ति ने अपने जीवन

Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

की सबसे बड़ी भूल की है और उसे माफ नहीं किया जा सकता। लेकिन उसे दण्डित करने से पहले उसका दृष्टिकोण भी जानने का प्रयास करें। रविन्द्रनाथ टैगोर की जीवनी में पढ़ी हुई एक घटना है -

एक महत्वपूर्ण अवसर पर टैगोर का पुराना वफादार नौकर नहीं आया। जब वह शाम को पहुँचा तो टैगोर शान्त बने रहे। नौकर ने क्षमा मांगते हुए टैगोर को बताया कि वह सीधे श्मशान से अपने जवान बेटे का अंतिम संस्कार करके आ रहा है जिसकी मौत उसी दिन सुबह हुई थी। इस उदाहरण ने आपको जरूर विचलित किया होगा। इस लिए कोई भी निर्णय लेने से पहले दूसरे का दृष्टिकोण जानें।

अतः अच्छे मित्र बनना चाहते हैं, तो मुस्कुराइये अपने बारे में ही नहीं मित्रों के बारे में भी बात कीजिए, बोलने से ज्यादा सुनना सीखिए, धन्वाद व मुझे खेद है (Sorry) कहना सीखिए। प्रशंसा दिल खोल कर कीजिए। सामने वाले का दृष्टिकोण जाने बिना उत्तेजित वाणी का प्रयोग मत कीजिए। मित्र ऐसे बनाईये जो बुरे वक्त में काम आए न की चापलूस।

● *जेसीरेट मंजू सिंह*

समय हँसने का

एक आदमी हकला था। किसी ने उससे पूछा - "क्या आप हमेशा हकलाते हैं?"
उसने कहा- " जी नहीं, सिर्फ बोलते वक्त।"

○

गोलू ने आवाज दी - " पप्पू, चल खेलने चलें।"
पप्पू ने जवाब दिया - " नहीं मैं नहीं चल सकता। "
"क्यों ? "
" मुझे पापा के पास बैठना है, मैं खेलने चला गया तो वह लापरवाही करेगें। मेरा होमवर्क पूरा नहीं करेंगे। "

○

" हे भगवान " - बच्चा ऊँचा-ऊँचा बोलता हुआ प्रार्थना कर रहा था - " मुझे आने वाले जन्मदिन पर नई साइकिल मिले।
उसकी माँ बोली - " अरे सोनू। चिल्ला क्यों रहा है। भगवान तो दिल की आवाज सुन लेते हैं। "
सोनू ने जवाब दिया - " मालूम है। पर दादाजी तो ऊँचा सुनते हैं।"

○

एक समाज सेवक ने भिखारी को धिक्कारा - " अच्छा लगता है तुम्हें सारा-सारा दिन भीख मांगते हुए सड़कों पर मारा-मारा फिरना ?"
भिखारी बोला - " जरा भी नहीं। इसलिए स्कूटर खरीदने की सोच रहा हूँ।"

फैट, कोलेस्ट्राल और हमारा स्वास्थ्य

ट हमारे भोजन का एक आवश्यक घटक है, इससे हमारे शरीर को ऊर्जा मिलती है। हमारे शरीर में ऊर्जा की पूर्ति खाद्य तेल, घी, मक्खन जैसे स्निग्ध पदार्थों के सेवन से होती है, खाद्य तेलों में मुख्य रूप से ग्लीसरीन और जैविक अम्ल पाया जाता है। जैविक अम्ल को वसा अम्ल भी कहा जाता है।

वसा का संबंध कोलेस्ट्राल से होता है। वसा की तरह कोलेस्ट्राल भी हमारे शरीर के लिए आवश्यक होता है। विटामिन 'डी', स्टेरॉइड हार्मोनों के और पैत्तिक अम्लों के निर्माण के लिए यह जरूरी है। हमारे शरीर के लिए जितना कोलेस्ट्राल जरूरी होता है उतना यकृत अपने आप निर्माण कर लेता है। इसलिए अलग से कोलेस्ट्राल की जरूरत हमें नहीं होती। सभी खाद्य तेलों में कोलेस्ट्राल नहीं पाया जाता। वनस्पति तेलों में इसकी मात्रा ज्यादा पाई जाती है। मांस, अण्डे की जर्दी, कलेजी आदि का अधिक सेवन करने से शरीर में कोलेस्ट्राल की मात्रा बढ़ जाती है।

जैसा की ऊपर कहा गया है, हमारे शरीर के जरूरी कोलेस्ट्राल का निर्माण यकृत के अन्दर हो जाता है, इस लिए आहार के द्वारा उसे प्राप्त करने की जरूरत नहीं होती। कोलेस्ट्राल वाले पदार्थों का सेवन करने से शरीर में कोलेस्ट्राल का स्तर बढ़ जाता है। बढ़ा हुआ कोलेस्ट्राल धमनियों से चिपक जाता है और रक्त संचार में बाधा उत्पन्न होती है, परिणामस्वरूप हृदय को पर्याप्त रक्त की पूर्ति नहीं हो पाती।

यहाँ एक बात अच्छी तरह से समझ लेना चाहिए कि अपने आहार में कोलेस्ट्राल की मात्रा कम कर देने मात्र से किसी व्यक्ति के कोलेस्ट्राल का स्तर कम नहीं हो जाएगा। सच तो यह है कि कोलेस्ट्राल के कम सेवन का रक्त के कोलेस्ट्राल के स्तर पर उतना असर नहीं होता जितना कम असंतृप्त वसा का सेवन करने से होता है। एक दूसरी गलतफहमी यह है कि गुड़ खाने से कोलेस्ट्राल के स्तर में सुधार होता है। भोजन में दोनों प्रकार के कोलेस्ट्राल एक जैसे होते हैं। रक्त में कोई कोलेस्ट्राल अच्छा है या कि खराब, यह उसे ले जाने वाला लिपो प्रोटीन कैसा है इस पर निर्भर करता है।

एक समय समझा जाता था कि असंतृप्त वसा का सेवन बढा कर रक्त में कोलेस्ट्राल का स्तर घटाया जा सकता है।

पर हाल में ही किये गये अध्ययनों के निष्कर्ष के आधार पर किसी भी प्रकार की वसा का इस्तेमाल न करने की सलाह दी जाती है। वसा और कोलेस्ट्राल के बारे में मिली जानकारियां ऐसी हैं जो आम लोगों को उलझन पैदा कर सकती है। ऐसी स्थिति में हमारे लिए सबसे अच्छा तरीका यही है कि हम अपने आहार में ऐसे पदार्थों को शामिल करें। जिसमें वसा की मात्रा बहुत कम हो अर्थात मांस और दुग्ध उत्पाद कम और वनस्पति आहार अनाज और साग सब्जियां अधिक लेना चाहिए।

● *जेसीरेट स्वपनिल अग्रवाल*

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

जेसी सप्ताह - उत्कर्ष 2004

काशी जेसीज़ द्वारा संयोजित जेसी सप्ताह - उत्कर्ष 2004

JJ WEEK 2004

JUNIOR JAYCEE WING

Date	Time	Training Programme	Convener
09-8-04	7.15	Career opportunity	JJ Prateek
10-8-04	7.15	Leadership 21st Century (Communication Skills)	JJ Gurvinder Kaur
11-8-04	7.15	Leadership 21st Century (Goal Setting)	JJ Romit Kumar
12-8-04	7.15	Art of Cartoon Making	JJ Vibha
13-8-04	11.00	Different Competitions - Slogan, Quiz etc.	JJ Sumit Mehrotra
14-8-04	7.15	Closing Ceremony	JJ Sandeep

Special Co-ordination : Mrs. Anita Dey

J J Wing Incharge : Mr. C.J. Gorge

काशी जेसीज़

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri